**खबर संक्षेप**

### दिवंगत मेट के परिवार को किया आर्थिक सहयोग

**नारायणगंज।** जनपद नारायणगंज में कार्यरत मेट स्व. दिलीप कुमार मलगाम का बीमारी के चलते निधन हो गया दिवंगत दिलीप कुमार मलगाम के परिवार को सहयोग करने हेतु मेट संघ द्वारा सहयोग राशि 4000 रुपये एकत्रित्र कर मेट संघ द्वारा दी गई सहयोग करने वालों में नारायणगंज के अध्यक्ष प्रेम सिंह नरेती, सचिव मनीष दुबे, सेक्टर प्रभारी डुमारीलाल वरकड़े, पूर्व अध्यक्ष त्रिलोक सिंह नरेती, मिथलेश बैरागी, बसंत भाई, पवन सिंह शामिल रहे। जिनके द्वारा स्व. दिलीप कुमार की पत्नी व उनके बड़े भाई बसंत कुमार मलगाम, रवि कुमार मलगाम को यह राशि सौंपी।

### अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन जप्त

**मण्डला।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत रूप से कार्यवाहियां करते हुए प्राप्त शिकायतों के आधार पर तथा कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देशानुसार 11 फरवरी को हिरदेनगर क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त एक वाहन, वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 7470 को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया। उक्त संलिप्त वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में प्रभारी चौकी हिरदेनगर की सुपुर्दगी में दिया गया।

### आयुष्मान आरोग्यम मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

# अब रोजाना होगा अस्पताल का निरीक्षण

*** निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करने के दिये निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





**कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को हिरदेनगर भ्रमण के दौरान आयुष्मान आरोग्यम मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण स्थल पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया और कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, उपयोग की जा रही सामग्री तथा समय-सीमा की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए और निर्माण में उच्च गुणवत्तायुक्त सामग्री का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि भवन सुरक्षित और उपयोगी बना रहे।

निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर श्री मिश्रा को जानकारी दी कि उप स्वास्थ्य केंद्र में पुरुष एवं महिला वार्ड, लैब, दवा वितरण कक्ष, ऑपरेशन थिएटर सहित आवश्यक सुविधाएं तैयार की जा रही हैं। इसके साथ ही मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भवन का निर्माण मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। उन्होंने निर्माण एजेंसी प्रतिनिधियों को उप स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में वाहनों की पार्किंग व्यवस्थित रूप से किए जाने के लिए टीनशेड के माध्यम से पार्किंग स्थल तैयार करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि इस उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करना शासन की प्राथमिकता है और सभी कार्य गुणवत्ता तथा समयबद्धता के साथ पूरे किए जाएं।



#### जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर श्री सचिन जैन ने मंगलवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी रोस्टर, स्टाफ की उपस्थिति एवं अनुशासन, विभागवार प्रोटोकॉल, एसओपी के अनुरूप कार्यप्रणाली तथा मरीजों की जांच के दौरान गोपनीयता की स्थिति की समीक्षा की गई।

डिप्टी कलेक्टर श्री जैन ने वार्डों की तैयारी, संक्रमण नियंत्रण उपायों, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, हैंडओवर-टेकओवर प्रक्रिया तथा ओपीडी-आईपीडी अभिलेखों का भी परीक्षण किया। इसके साथ ही दवाइयों, ग्लव्स, मास्क आदि आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता और उपकरणों की कार्यशीलता की जांच की गई।

निरीक्षण में ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम एवं अन्य विभागों में उपकरणों के स्टेरिलाइजेशन, सफाई व्यवस्था, लिनेन की उपलब्धता, मरीजों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता तथा विजिटिंग टाइम के पालन की भी समीक्षा की गई। नर्सिंग एवं जूनियर स्टाफ द्वारा दी जा रही सेवाओं का भी आंकलन किया गया।

डिप्टी कलेक्टर सचिन जैन ने संबंधित कर्मचारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने तथा निर्धारित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### रोस्टर अनुसार जिला चिकित्सालय का नियमित निरीक्षण करने अधिकारी अधिकृत

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करने एवं मरीजों को उपलब्ध करवाये जा रहे सेवाओं की नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग के लिए प्रशासकीय अधिकारियों को अधिकृत किया है। सोमवार एवं बुधवार को डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, मंगलवार एवं गुरूवार को डिप्टी कलेक्टर श्री सचिन जैन एवं शुक्रवार और शनिवार को डिप्टी कलेक्टर श्री संस्कार बावरिया रोस्टर अनुसार जिला चिकित्सालय का नियमित निरीक्षण व भ्रमण करेंगे।

## पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट जोन का मंडला का प्रथम भ्रमण



*** अधिकारियों की बैठक एवं पत्रकार वार्ता संपन्न।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 11/02/2026 को पुलिस महानिरीक्षक ललित शाक्यवार, बालाघाट जोन द्वारा मंडला जिले का प्रथम भ्रमण किया गया। सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय मंडला का भ्रमण कर शासन द्वारा प्रस्तावित नवीन पुलिस अधीक्षक कार्यालय हेतु स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्यालयीन स्टाफ से संवाद स्थापित कर विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की गई। इसके उपरांत पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, सभी एसडीओपी अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में ई-एफआईआर एवं जीरो एफआईआर पर त्वरित कार्रवाई, नारकोटिक्स प्रकरणों में सख्त कार्रवाई, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण, ग्रामीण जनता से सतत संवाद स्थापित करना, नाबालिग बालक-बालिकाओं हेतु जागरूकता कार्यक्रम संचालित करना जिले के नक्सल मुक्त होने के उपरांत इंटेलीजेंस तंत्र को सुदृढ़ करने, सार्वजनिक स्थलों में CCTV कैमरा की उपलब्धता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर निर्देश प्रदान किए गए। उक्त बैठक के पश्चात पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा अपराधमुक्त बालाघाट जोन के लक्ष्य, जनता एवं पुलिस के मध्य बेहतर संवाद, पुलिस चौपाल की उपयोगिता, हेलमेट के महत्व तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता पर विस्तार से चर्चा की गई।



# एकात्म मानववाद के प्रणेता दीनदयाल जी की मूर्ति का हुआ अनावरण

*** कैबिनेट मंत्री के साथ पांच पूर्व भाजपा अध्यक्षों ने किया अनावरण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां प्रतिमा का अनावरण प्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके एवं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के साथ भारतीय जनता पार्टी के पांच पूर्व जिला अध्यक्ष बालकिशन खंडेलवाल, प्रमोद सिंघई जैन, रोचीराम गुरवानी, रतन सिंह ठाकुर, ब्रजेन्द्र कोकड़िया के कर कमलों से प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके बाद अतिथियों ने प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने अपने संबोधन में कहा कि जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने एक ऐतिहासिक कार्य करते हुए जिला भाजपा कार्यालय में प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा की स्थापना कर संगठन को नई पहचान दी है। यह केवल एक प्रतिमा स्थापना का कार्य नहीं, बल्कि विचार और संस्कारों को जीवंत रखने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जब से प्रफुल्ल मिश्रा ने जिला अध्यक्ष का दायित्व संभाला है, तब से संगठन में निरंतर सकारात्मक और प्रेरणादायक पहल देखने को मिल रही है, जिससे प्रत्येक कार्यकर्ता को गर्व की अनुभूति होती है। कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके ने आगे कहा कि हाल ही में जिला अध्यक्ष द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा की स्थापना भी की गई थी, जिसने कार्यालय परिसर को राष्ट्रवादी विचारधारा का केंद्र बना दिया है। अब पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा स्थापित कर उन्होंने संगठन की वैचारिक धरोहर को और सशक्त किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास नई पीढ़ी के कार्यकर्ताओं को पार्टी के मूल सिद्धांतों, त्याग और समर्पण की परंपरा से जोड़ते हैं। यह कार्य आने वाले समय में भाजपा संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मेरे पांचों पूर्व अध्यक्ष भ्रातृत्व भाव से मेरे निमंत्रण को स्वीकार करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल की प्रतिमा भावी पीढ़ी को अंत्योदय सेवा एवं समर्पण का संदेश देती रहेगी। उनकी प्रतिमा को देखकर नई पीढ़ी के कार्यकर्ताओं को ऊर्जा, समर्पण और राष्ट्रसेवा की भावना मिलेगी। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति उसके कार्यकर्ताओं के संस्कार और विचारधारा से आती है, और ऐसे प्रेरणा स्रोत हमें निरंतर आगे बढ़ने की दिशा दिखाते हैं। वहीं अपने संबोधन के दौरान प्रफुल्ल मिश्रा भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि उनका परिवार है। पार्टी ने उन्हें पहचान, सम्मान और सेवा का अवसर दिया है। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा, "मेरा सौभाग्य होगा कि भारतीय जनता पार्टी के किसी कार्यक्रम बैठक या प्रवास दौरान मेरी अंतिम सांस ही मैं अपना सौभाग्य मानूंगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन को मजबूती प्रदान करें। वहीं जिलाध्यक्ष ने वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद मनोहर तांबे जी को कार्यक्रम में विशेष आमंत्रण किया गया था लेकिन वे अस्वस्थ होने के कारण कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाये इस अवसर पर उन्होंने फोन के माध्यम से प्रतिमा के अनावरण पर शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### बस स्टैंड के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन



**नारायणगंज।** बस स्टैंड नारायणगंज में विगत चार दिनों से धार्मिक अनुष्ठान कलश यात्रा मूर्ति स्थापना हनुमान जी की शंकर जी की शनिदेव की पीपल के नीचे नवनिर्मित मंदिर में भगवान की स्थापना चार दिनों से लगातार भजन कीर्तन एवं रामधन का आयोजन किया गया था मूर्ति स्थापना कृष्ण कुमार पांडे श्याम जी महाराज द्वारा कराई गई जिसमें आसपास क्षेत्र के गायक एवं रामधुन वाले आकर अपना बहुमूल्य समय देकर भजन कीर्तन का आयोजन रात भर चला रहा जिसमें सभी क्षेत्र के लोग आकर इसका लाभ लिए विधायक चैन सिंह बरकड़े द्वारा मंदिर को समर्पित किया 2 लाख रुपए दिए बरकडे द्वारा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हवन पूजन किया लोगों ने इस कार्यक्रम में अपना समय देकर धार्मिक आयोजन में सभी आसपास के दुकानदारों ने सहयोग दिया जिससे विशाल भंडारे का आयोजन देर रात तक चला रहा नारायणगंज की आज साप्ताहिक बाजार होने के कारण आसपास क्षेत्र के लोग बाजार करने आते हैं जिससे मंदिर परिसर में बहुत भीड़ भंडारे के लिए लगी गई।

**अनदेखी** | **पर्यावरण नियमों को दरकिनार कर रोका जा रहा नदी के प्रवाह।**

# बंजर नदी से पोकलेन से दिन-रात हो रहा उत्खनन

*** नदियों के आस्तित्व के साथ किया जा रहा खिलवाड़।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/बम्हनीबंजर



जिले के समीप स्थित ग्राम बरबसपुर में बंजर नदी पर रेत माफियाओं द्वारा बड़ी-बड़ी पोकलेन मशीनों से लगातार रेत का उत्खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है। यहाँ प्रतिदिन ओवरलोड डंपर से बरबसपुर बंजर नदी में मशीन डालकर उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है, नदी में स्वीकृत क्षेत्र के बाहर जाकर भी बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन हो रहा है, जो नियम के विरुद्ध हैं, जिससें बंजर नदी का अस्तित्व खोता हुआ दिखाई दे रहा है। रेत माफियाओं द्वारा पोकलैंड मशीन लगाकर धड़ल्ले से अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। भारी मशीनों के माध्यम से नदी से रेत निकालकर डंपरों में भरी जा रही है और खुलेआम बाहर भेजी जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।



#### अन्धाधुन्ध हो उत्खनन, प्रशासन मौन

बंजर नदी के तटों पर रेत माफिया द्वारा तेजी से बड़े स्तर पर रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। यह जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को भी है, लेकिन बम्हनी क्षेत्र में चल रहे अवैध उत्खनन को रोकने की दिशा में न तो खनिज विभाग के अधिकारी कोई कदम उठा रहे हैं और न ही रेत से भरे ओवर लोड वाहनों पर पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई की जा रही है। रेत भरने के लिए डंपर चालक सड़कों पर तेज रफ्तार से डंपरों को दौड़ा रहे हैं। जिससे हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, साथ ही ओवरलोड डंपरों से सड़कों की भारी दुर्दशा हो रही है।

#### ठेका लेने वाली कंपनी ही कर रही अवैध खनन

रेत खदानों के समूह का ठेका लेने वाली कंपनी बरबसपुर में बड़ी-बड़ी मशीनें बंजर नदी के बीच में लगाकर रेत निकाल रही है। नदी के बीचोबीच पहुंचने के लिए पानी के अंदर रैंप बनाते हुए पानी के अंदर से रेत डंपर में लोड करके दूसरे जिले में भेजी जाती है। रैंप बनाने के लिए नदी में पानी के बहाव भी मोड़ा गया है। नदी के बीच में से रेत निकालने से इसके इकोसिस्टम पर असर पड़ता है और जलीय जीव जंतुओं को भी नुकसान पहुंचता है।

## रेल विकास के लिए मंडला में बनेगी रणनीति

*** 17 फरवरी को होगा विशाल धरना प्रदर्शन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



11 फरवरी क्षेत्रीय विकास की लाइफलाइन मानी जाने वाली रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर राष्ट्रीय रेल संघर्ष समिति ने एक बार फिर आंदोलन का रास्ता अख्तियार किया है। आगामी 17 फरवरी को प्रस्तावित विशाल धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए पूर्व विधायक डॉ. अशोक मर्सकोले ने सभी वर्गों से एकजुट होने का आह्वान किया है।

#### सर्वदलीय और सर्वसामाजिक समर्थन से की अपील

डॉ. अशोक मर्सकोले ने अपील करते हुए कहा कि रेल विकास किसी एक व्यक्ति या दल का मुद्दा नहीं, बल्कि हम सबकी साझा जरूरत है। उन्होंने जिले के सभी राजनैतिक, सामाजिक, व्यापारिक, शैक्षणिक संगठनों के पदाधिकारियों और अधिकारी-कर्मचारी संगठनों से निवेदन किया है कि वे इस आंदोलन में सहभागी बनें।

#### तैयारियों के लिए बैठक करने दिए निर्देश

आंदोलन को व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए डॉ. मर्सकोले ने संघर्ष समिति के सदस्यों को विशेष दिशा-निर्देश देते हुए कहां कि प्रतिदिन शाम को प्रतिदिन बैठक आयोजित कर रणनीति तैयार की जाए। सभी समाज प्रमुखों और व्यापारिक बंधुओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनका लिखित व नैतिक समर्थन लिया जाए। सोशल मीडिया पर सूचना को व्यापक रूप से प्रसारित किया जाए जिससे जिले का हर नागरिक इस मुहिम से जुड़ सके। आगामी 17 फरवरी को होने वाला यह प्रदर्शन रेल मंत्रालय का ध्यान मंडला की उपेक्षित रेल परियोजनाओं की ओर खींचने के लिए निर्णायक माना जा रहा है।

#### इनका कहना है:-

*मंडला के विकास के लिए रेल सुविधाओं का विस्तार अब अनिवार्य हो चुका है। हमने लंबे समय तक प्रतीक्षा की है, लेकिन अब समय आ गया है कि हम अपनी शक्ति दिखाएं। मैं सभी से आग्रह करता हूँ कि 17 फरवरी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर रेल संघर्ष समिति के बैनर तले धरना स्थल पर पहुँचें।*

***-डॉ. अशोक मर्सकोले, पूर्व विधायक***

*रेल सुविधा न होने का सबसे बड़ा नुकसान व्यापार जगत और आम जनता को हो रहा है। माल ढुलाई महंगी है और आवागमन के साधन सीमित हैं। हम व्यापारियों ने तय किया है कि हम रेल संघर्ष समिति की मांगों का पूर्ण समर्थन करेंगे और 17 फरवरी के प्रदर्शन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।*

***-अजय गुरवानी व्यापारी,***

*शिक्षा और रोजगार के लिए हमें अक्सर बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता है, लेकिन ट्रेनों की कमी के कारण यह बहुत कष्टदायक है। रेल विकास युवाओं के भविष्य के लिए जरूरी है। हम युवा साथी भारी संख्या में इस धरने में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।*

***-अखिलेश सोनी समाजसेवी,***

**खबर संक्षेप**

## जनशिक्षा केंद्र कन्या नवीन में समीक्षा बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** साईंखेड़ा विकास खंड के जनशिक्षा केंद्र कन्या नवीन गाडरवारा में जनशिक्षा केंद्र स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में जनशिक्षक बनवारी लाल नागवंशी एवं अपसार खान ने सभी विद्यालयों में प्रतिमाह 1 तारीख को मासिक पी एम पोषण एस एम एस करने तथा पी एम पोषण के दैनिक मैसेज प्रतिदिन करने , जनशिक्षा केंद्र की जिन शालाओं को बर्तन की राशि प्राप्त हुई है उन शालाओं में पी एम पोषण आहार के अंतर्गत किचिन डिवाइस नियमानुसार क्रय करने उपरांत उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने ,कक्षा 5 वी/ 8 वी के छात्रों के प्रोविजनल प्रवेश पत्र को चेक करने तथा यदि कुछ त्रुटि है तो पोर्टल पर सुधार करने संबंधी निर्देश दिए । इसके अलावा 5 एवं 8 वी की वार्षिक परीक्षा में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति के निर्देश भी दिए गये। उक्त बैठक में प्रधान पाठक धनराज धानक, मधुसूदन पटेल, मदनगोपाल चौधरी, सरोज झारिया, सोमनाथ मेहरा, महेन्द्र पटैल, अनिल पटैल, रामकुमार कौरव, रामगोपाल श्रीवास,चंदन अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया तहसील कार्यालय एवं तहसीलदार न्यायालय सांईखेड़ा का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** क्षेत्र के दौरे पर निकली हुई जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को अचानक दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड1 पहुंचकर यहां पर तहसील कार्यालय सहित तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व कार्यों की प्रगति, अभिलेखों के संधारण एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। वही कलेक्टर ने दायरा पंजी, अभिलेख पासबुक, लंबित राजस्व प्रकरणों एवं अन्य समस्त प्रकरणों को अनिवार्य रूप से आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्देश देते हुये कहा कि सभी पारित आदेशों का समयबद्ध अमल सुनिश्चित किया जाए तथा अभिलेखों का दुरूस्तीकरण प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। निरीक्षण में अभिलेख पास बुक अधूरी पाए जाने, जानकारी समय पर अपडेट नहीं होने तथा राजस्व प्रकरण लंबित पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रभारी तहसीलदार सांईखेड़ा श्री अतुल श्रीवास्तव, रीडर श्री शुभम शुक्ला व श्री सुनील पतरिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने स्पष्ट निर्देशित किया कि राजस्व संबंधी कार्यों में पारदर्शिता, अद्यतन अभिलेख संधारण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती कलावती व्यारे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## प्रेरणा उत्सव में शामिल हुए छात्र छात्रायें

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** समीपस्थ पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी में प्रेरणा उत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले के हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के कक्षा 9 वीं और कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुये अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अरुण कुमार तिवारी के मार्ग दर्शन में विद्यालय स्टाफ द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया उपस्थित समस्त विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए चाय नाश्ता के साथ दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई तथा सभी विद्यार्थियों और उपस्थित शिक्षकों का मेडल और प्रमाण पत्र के साथ कीरिंग तथा पेन देकर प्रोत्साहित किया गया।

# तेज गर्मी आने के पहले शहर में ठंडे पेय पदार्थों की बिक्री के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है असर...? धडल्ले से बिक रही लोकल में निर्मित व डुप्लीकेट कोल ड्रिंक्स










**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

आधुनिकता की लहर के चलते ठंड के मौसम में भी अब शादी सामारोह सहित अन्य कार्यक्रमों में आईस्क्रीम नजर आने लगी है और आमतौर पर बारिश, ठंड के मौसम में भी नगर में अनेक प्रकार के ठंडे पेय पदार्थ दुकानों की फ्रीजरों में रखे देखे जा रहे है। जिसके चलते इस सामान की बिक्री हो रही है.. इतना ही नही कुछ दुकानों पर तो स्थिति इस प्रकार से देखी जाती है कि नामी गिरामी कंपनियों की सूरत में बिकने वाली गुणवत्ता हीन पेय पदार्थ सस्ता होने के चलते बच्चों को मोहित करने से नही चूकते है..? वही दूसरी ओर फरवरी माह से ही नगर में जहां एक ओर रंगीन कुल्फियां तैयार करने वाली फैक्ट्रियॉ सजकर कर तैयारी हो चुकी है तो वही दूसरी ओर नगर के चौक चौरहों पर भी बाहर से आये हुए लोगों के अनेक प्रकार के शेक आईस्क्रीमों के ठेले भी दिखाई देने लगे है जिन्हें बच्चों द्वारा खाने से उनके स्वास्थ्य पर विपरित असर दिखाई देने से नही चूक पा रहा है। इस सच्चाई के चलते शहरवासियों को बच्चों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ने को लेकर चिंता सताने लगी है। क्योंकि इस समय मौसम में न तो अधिक ठंडक है और न ही गर्मी दिखाई दे रही है। मगर इस प्रकार से मौसम के मिजाज के चलते स्कूली बच्चें अपने आप ही अनेक प्रकार की बीमारियों की गिरप्त में आते हुए देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर मौसम के विपरीत होने के बाद भी बिक्रय हो रहे पेय पदार्थो के चलते बीमारियों में इजाफा होने की संभावनाओं से इंकार नही किया जा सकता है..? क्योंकि इस समय जहां वोर्ड से लेकर स्थानीय स्तर की परीक्षाये चल रही है ओर दूसरी ओर जहां माध्यिमक स्तर की वोर्ड परीक्षाओं के समय नजदीक है तो वही दूसरी ओर चंद दिनों बाद निजी स्कूलों की परीक्षाएं भी शुरू होने वाली है। जिसके चलते इस प्रकार से विक्रय होने वाली ठंडे पेय पदार्थो के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ने की संभावना में इजाफा होने से नही चूक पा रहा है तथा नगर के अभिभावकों का कहना है कि परीक्षाओं के दौर में व्यस्त छात्र, छात्राओं को वैसे भी मौसम के चलते जहां अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझना पड़ता है। गौर किया जावे तो मच्छरों की बढ रही फौज के चलते वह अपनी पढ़ाई नही कर पा रहे है और न ही लोग रात के समय सो पा रहे है। इस हालत में जिस तरह अचानक कुल्फियां बनाने वाले ठिकानों पर काम काज बढ़ा तो आशंका है कि शहर और क्षेत्र के गांवो में बच्चों को ललचाने वाली रंगीन कुल्फियां की बिक्री शुरू हो चुकी है। वही शहर में जगह जगह ठंडे पेय पदार्थो के लगे ठेले भी बच्चो को आकर्षित करते हुए देखे जा रहे है। इस प्रकार से नगर में विकने वाली अमानक स्तर की कुल्फियों को लेकर अभिभावकों का कहना है कि बीते हुए कुछ वर्ष पूर्व अमानक स्तर से बनाई गई कुल्फी खाने से जिले के ही गोटेगांव शहर में लगभग 200 बच्चों के बीमार होने का उदाहरण देते हुए बताया कि यह कुल्फियों सस्ती बिकती हैं पर उनमें सेकरीन का मिश्रण रहता है? कुछ इसी प्रकार की स्थिति जहां तहां बिकने वाले काजू शेको में भी देखी जा रही है। इस स्थिति में इनके सेवन से बच्चों के बीमार पड़नें की अधिक सम्भावना रहती है? इस संबंध में नगर के कुछ चिकित्सकों का कहना है कि इस समय लगातार बदल रहे मौसम में इन कुल्फियों की बिक्री इन दिनों बच्चो के हित में ठीक नही है। वही दूसरी ओर शहर के जागरूक अभिभावकों का कहना है कि फरवरी व मार्च का महीना परीक्षाएँ होने से छात्र, छात्राओं, अभिभावकों के लिए कठिनाई वाला साबित होता है। इस माह में अभिभावक चाहते है कि उनके बच्चे खूब पढ़ाई कर परीक्षा में सर्वोत्तम अंक लाने का प्रयास करें। यही बात है कि अभिभावक परीक्षा काल में बच्चो को भरपूर सहूलियतें देते है, जिसके चलते परीक्षाओं में जुटे हुए बच्चों के अभिभाकवों ने शासन प्रशासन से गुहार लगायी है कि वह बच्चो की वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनजर तेज गर्मी आने के पहले शहर में विभिन्न प्रकार के शेक व रंगीन कुल्फियो सहित नामी कंपनियों की सूरत में जहां तहां बिकने वाले ठंडे पेय पदार्थो की बिक्री को प्रतिबंधित करने की पहल करे ताकि बच्चे स्वस्थ रहते हुए अपनी परीक्षाएँ देने में सफल हो सके। वही दूसरी ओर अनेक दुकानों में जिस प्रकार से नामी गिरामी कंपनियों से मिलते जुलते नाम वाली या फिर उसी कंपनी के नाम पर डुप्लीकेट कोल ड्रिक्स की भी नगर में भरमार दिखाई देने से नही चूक पा रही है। इस संबंध में बीते हुये कुछ वर्ष पहले एक कंपनी के डिस्ट्रीव्यूटर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को शिकायती आवेदन देते हुये बताया है कि नगर में कुछ दुकानदारों द्वारा बाजार में लोकल बनी ड्रिक्स का विक्रय कर रहे है जो कि बिना बिल की होती है। इस प्रकार से नगर में निर्मित होने वाली इन कोल ड्रिक्स को निर्मित करने के लिये जहां शासन द्वारा निर्धारित माप दंडों का पालन नही किया जा रहा है। वही दूसरी ओर आमजन के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर डालने से नही चूक रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि इस ओर न तो संबंधित विभाग ध्यान दे रहा है और न ही स्थानीय स्तर के जिम्मेदार अधिकारी जिसका परिणाम है कि ठंडा पेय पदार्थ विक्रय करने वालों के हौसले बुलंद होने से नही चूक रहे है।

## क्षेत्र में किसानों के कृषि यंत्र चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में असफल हो रही पलोहा पुलिस

**हरिभूमि न्यूज/सडूमर।** इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं घटित हो रही है उसके चलते क्षेत्र के लोग लगातार दहशत की स्थिति में तो देखी ही जा रहे है। मगर अब स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि किसानों के खेतों पर रखे हुए कृषि यंत्रों की चोरी की घटनाओं में बढ़ोत्तरी होने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है? क्योंकि इस समय चल रहे ठंड के दौरान किसानों ने अपने खेतों में बोई गई गेंहू सहित अन्य फसलों को पानी की जरूरत है। जिसके चलते किसानों को सिंचाई हेतु मुश्किल से ही बिजली मिल पा रही है और किसान अपने खेतों में लगी हुई गन्ने सहित अन्य फसल की सिंचाई करने में किसान लगे हुये है। मगर जब देखा जाता है कि किसान अपने खेतों से थोडी देर के लिए जब अलग होता है तो वहां पर रखे हुए कृषि यंत्रों पर अपने हाथ साफ करने वाले कोई मौका नही छोड़ रहे है जिसके चलते क्षेत्र के किसान दहशत में देखे जा रहे है इस प्रकार से किसानों के कृषि यंत्रों की चोरी की घटनाओं के चलते जहां क्षेत्र के किसानों को आर्थिक क्षति का सामना तो करना ही पड़ रहा है। वही दूसरी ओर उनके कृषि कार्यो में भी काफी व्यवधान पैदा हो रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समीपस्थ ग्राम महगंवा चिर्रिया सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने मिल रही है जहां पर आये दिन किसानों के खेतों में रखे हुये पाईप व अन्य प्रकार के कृषि यंत्र चोरी हो रहे है। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि इस समय जिस प्रकार से पलोहा थाना के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों में धडल्ले से चल रहे जुआ सट्टा सहित शराब व मादक पदार्थो के अवैध कारोबार का परिणाम ही है कि इस प्रकार से चोरी जैसी घटनाएं आम होती जा रही है? क्योकि इस भीषण महंगाई के दौर में जब युवाओं को इस प्रकार से नशे की लत लग जाती है और उसे पूरी करने के लिए युवाओं के पास जब धन का आभाव होता है तो वह इस प्रकार से चोरी जैसे कदम उठाते हुए अपनी लत को पूरी करने से नही चूकते है? इस संबंध में लोगों का कहना है कि यदि गांव गांव बिक रही अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लग जावे तो निश्चित ही इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? वही किसानों के खेतों से लगातार हो रहे कृषियंत्रों की चोरी की शिकायते करने के बाद जब पुलिस संपर्क किया जाता है तो उनके द्वारा कहा जाता है कि चोरों की खोजबीन जारी है, मगर अभी तक कोई पता नही चल पाया है।

# महाशिवरात्रि पर्व पर डमरूघाटी मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्टर एवं एसपी ने निरीक्षण करते हुये जरूरी दिशा निर्देश







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नगर के शिवधाम डमरू घाटी पर शिवरात्री के अवसर पर लगने वाले मेला हर साल बिकराल रूप लेते हुये चला जा रहा है। इस मेले में गाडरवारा ही नही बल्कि जिले के कोने कोन व अन्य जिलों के लोग पहुंचकर पूजन अर्चन करते हुये देखे जाते है। इस तरह यहां पर हर साल व्यवस्थाये बनाने के लिये शासन प्रशासन को काफी मेहनत करते हुये देखा जाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये बीते हुये दिवस जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गाडरवारा स्थित डमरूघाटी शिवधाम परिसर एवं यहां की शक्कर नदी पुल के नीचे लगने वाले मेले की तैयारियों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुये जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, एसडीएम गाडरवारा श्रीमती कलावती व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागुर, नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान के आलवा डमरूघाटी समिति के पदाधिकारी व सदस्य तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वही मीडिया से दूरी चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है। बताया जाता है कि आयोजित की गई इस बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित एसडीएम, एसडीओपी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महाशिवरात्रि के दिन श्रद्धालुओं के आगमन- प्रस्थान, प्रकाश व्यवस्था, पूजन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, वाहन पार्किंग, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने यातायात एवं आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रमुख मार्गों पर डायवर्सन प्वाइंट चिन्हित कर प्रभावी ट्रैफिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक डॉ. मीणा ने भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती तथा सीसीटीवी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डमरूघाटी समिति के सदस्यों ने जानकारी दी कि महाशिवरात्रि पर लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पूजन- अर्चन हेतु आने की संभावना है। इस पर कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि संभावित श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं चरणबद्ध रूप से की जाएं। दर्शन व्यवस्था को क्रमबद्ध रखा जाए, ताकि भीड़ नियंत्रण प्रभावी ढंग से किया जा सके। उन्होंने फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग की टीम, प्राथमिक उपचार केंद्र, एंबुलेंस एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक के उपरांत कलेक्टर श्रीमती सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. मीणा ने डमरूघाटी क्षेत्र का निरीक्षण करने के साथ शक्कर नदी पुल के समीप रेत घाट पर लगने वाले मेले की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। इस तरह शिवधाम डमरूघाटी समिति द्वारा आयोजित की गई बैठक में जहां नगर के पत्रकारों से दूरी बनाई गई वह निश्चित तौर से अनेक सबालों को जन्म देने से नही चूक रही है।

# गौसेवा, स्वावलंबन और पर्यावरण संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण: दयोदय पशु सेवा समिति

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**





शिवधाम में आयोजित होने वाले मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिये पहुंची जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने गाडरवारा स्थित दयोदय पशु सेवा समिति गौशाला का अचानक पहुंचकर निरीक्षण कर वहां संचालित गौसेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं आत्मनिर्भरता से जुड़े कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने समिति द्वारा किए जा रहे बहुआयामी प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष राजीव जैन ने अवगत कराया कि दयोदय पशु सेवा समिति विगत लगभग 20 वर्षों से निरंतर गौसेवा के क्षेत्र में कार्यरत है। वर्तमान में गौशाला में लगभग 300 गौवंश का संरक्षण एवं समुचित देखभाल की जा रही है। गौवंश के भरण- पोषण, चिकित्सा एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित की जा रही हैं। बताया जाता है कि इस निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह को बताया गया कि गौशाला में गौकाष्ठ (गोबर से निर्मित लकड़ी) का निर्माण कर उससे पर्यावरण अनुकूल दीये एवं भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। साथ ही वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन भी किया जा रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से एक ओर जहां पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है, वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। गौशाला परिसर की उपलब्ध भूमि का समुचित उपयोग करते हुए जैविक उद्यानिकी फसलों जैसे आम, आंवला तथा विभिन्न प्रकार की जैविक सब्जियों की खेती की जा रही है। इसके अतिरिक्त गौवंश के लिए पौष्टिक आहार सुनिश्चित करने हेतु जैविक हरी घास का उत्पादन भी किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने समिति के कार्यों को "गौसंवर्धन, जैविक कृषि और पर्यावरण संरक्षण के समन्वित मॉडल" के रूप में उल्लेखनीय बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहलें समाज में सेवा, संवेदनशीलता एवं सतत विकास की भावना को सुदृढ़ करती हैं। वही बताया जाता है कि निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गौशाला परिसर में जामुन का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती कलावती व्यारे, पशु पालन विभाग के सर्जन डॉ. पूनम दोहरे और समिति के सदस्य मौजूद थे।

# विद्युत शवदाह गृह निर्माण की मांग की ओर नहीं दिया जा रहा ध्यान?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



जहां एक ओर नगर का लगातार विकास होने के साथ इसकी आवादी में भी इजाफा होते हुये देखा जा रहा है। इस स्थिति में नगर का एक मात्र शमशान घाट की स्थिति बिगड़ने के चलते नगरवासियों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के शमशान घाट पर भयानक स्थिति उस समय निर्मित हो जाती है कि जब नगर के अंदर पांच लोगों से अधिक की मौत हो जाती है क्योंकि शमशान घाट पर मात्र शवदाह करने के लिये 5 सेट बने हुये है। इस स्थिति में अनेकों पर नगरवासियों को खुले मैदान में शव दाह करते हुये देखा जाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये बीते हुये वर्ष यानि की नम्बर माह 2019 में नगर के श्रीमशान भैरव बाबा मंदिर समिति द्वारा जिला कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपते हुये विद्युत शवदाह घर के निर्माण की मांग की गई है। उस समय सौपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया था कि कहने के लिये तो नगर पालिका के पास के पास शमशान घाट के नाम पर 18 एकड़ भूमि पड़ी हुई है। मगर वह लगातार अतिक्रमण के भेंट चढ़ते हुये देखी जा रही है। इस स्थिति के चलते मौके पर मुश्किल से मात्र 5 एकड़ भूमि ही सुरक्षित देखने मिल रही है, जिसके चलते यहां की स्थिति में अनेकोबार जब नगर में लोगों की मौते होती है तो शमशान घाट पर बने हुये 5 सेट भरे हुये रहते है तो दूसरी ओर अनेको बार शवों को जलाने के लिये लकड़ी का आभाव भी देखने मिलता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये यदि शासन प्रशासन द्वारा नगर के एक मात्र शमशान घाट पर अतिरिक्त रूप में विद्युत शवदाह घर का निर्माण करा दिया जाता है तो निश्चित ही इससे नगरवासियों को सुविधा मिलने लगेगी। वह वही लोगों को शव का दाह संस्कार करने के लिये लकड़ी खरीदने की परेशानियों से निजात मिलेगी। इस तरह दो वर्ष पहले सौपे गये विद्युत शवदाह घर की मांग पत्र की प्रति क्षेत्र के सांसद, विधायक सहित नगर पालिका अध्यक्ष व अनुविभागीय अधिकारी को भी प्रेषित की गई थी। मगर दो वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा श्रीमशान भैरव बाबा समिति की इस मांग की ओर आज तक कोई पहल नही की गई है।

## प्रशासन की अनदेखी के चलते नगर के स्टेशन मार्ग पर लगातार फैल रहा है शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का जाल, जिम्मेदारों की चुप्पी हौसले कर रही बुलंद

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

यदि किसी बीमारी को फैलने के पहले ही उसका इलाज कर दिया जावे तो उस बीमारी को जानलेवा होने से रोका जा सकता है, मगर बीमारी की अनदेखी किये जाने का परिणाम होता है कि वह बाद में इस प्रकार का रूप धारण कर लेती है कि फिर उसे भगापाना मुश्किल हो जाता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर की शासकीय भूमि पर लगातार हो रही अतिक्रमण रूपी बीमारी को देखते हुये जान पड़ रहा है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि समय समय पर प्रशासन के अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जाती है जिसमें प्रशासन का काफी हद तक पैसा बर्बाद होता है और प्रशासनिक अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने पर राजनैतिक नेताओं के कोप का शिकार भी होना पड़ता है..? मगर वही अधिकारी शासकीय भूमि पर होने वाले अतिक्रमण के शुरूआती तौर से जिस तरह से चुप्पी साध लेते है उसके चलते अतिक्रमणकारियों को सह मिलने से उनके हौसले बुलंद हो जाते है और शासकीय भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ जाती है? कुछ इसी प्रकार का हाल नगर के रेल्वे स्टेशन की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग यानि की बीटीआई स्कूल के समीप पावर हाऊस के पास खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर लगातार हो रहे अतिक्रमण को देखते हुये जान पड़ रहा है। कुछ इसी प्रकार का हाल चीचली तिरहा के पास शासकीय विश्राम घर के सामने का देखा जा रहा है? यहां पर लगातार हो रहे अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह बात झूठ नही होगी कि जिम्मेदार अधिकारियों की नाक के नीचे खुलेआम शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का जाल बिछ रहा है और वह अपनी आंखे बंद किये हुये है। क्योंकि जिस जगह इस समय शासकीय भूमि अतिक्रमण के भेंट चढ़ाते हुये देखी जा रही है वह नगर के तहसील कार्यालय से चंद कदम दूरी पर है तो उसके पास से राजस्व विभाग के अनेक जिम्मेदार अधिकारियों के निवास स्थल होने के साथ साथ ठीक उसके पीछे विद्युत कार्यालय स्थित होने के साथ साथ इसी मार्ग से अनेक जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर नेताओं का आना जाना लगा रहता है, मगर इसके बाद भी खुलेआम हो रहे अतिक्रमण की सच्चाई को अधिकारियों से लेकर नगर पालिका प्रशासन द्वारा भी जिस तरह से नजर अंदाज करते हुये देखा जा रहा है उससे यह अनुमान लगने से नही चूक पा रहा है कि शायद शासकीय भूमि पर कब्जा जमाने के लिये अधिकारियों द्वारा इन अतिक्रमणकारियों के लिये अपनी मौन स्वीकृति प्रदान कर दी गई हो? बताया जाता है कि बीते हुये कुछ दिनों से नगर के बीटीआई स्कूल से लेकर पावर हाऊस के सामने मुख्य मार्ग के किनारे खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा लगातार अपना कब्जा जमाते हुये टपरों की लम्बी लाईन लगा दी गई है और यह क्रम लगातार जारी होने के कारण यहां पर नये नये टपरे स्थापित होते चले जा रहे है। मगर इसके बाद भी अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से कोई ध्यान देना उचित नही समझा जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम कुमार गुप्ता 'अटल कार्यकर्ता' सम्मान से विभूषित

**शहपुरा।** भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी (1924-2024) के गौरवशाली अवसर पर अटल स्मृति समिति द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिंडौरी जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम कुमार गुप्ता को उनकी दशकों की अनवरत सांगठनिक यात्रा और निष्काम सेवा भाव के लिए प्रतिष्ठित 'अटल कार्यकर्ता' सम्मान से अलंकृत किया गया। श्याम कुमार गुप्ता को यह सम्मान (रजत-पत्र) उनके द्वारा संगठन के विभिन्न दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने और भाजपा की विचारधारा को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रदान किया गया। समिति ने उनके समर्पण को प्रेरणादायी बताते हुए उन्हें 'अटल कार्यकर्ता' की उपाधि से सम्मानित किया। वरिष्ठ नेताओं की रही उपस्थिति समारोह में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष धीरज पटेरिया उपस्थित रहे। उन्होंने गुप्ता जी के कार्यकाल और उनके अनुभवों की प्रशंसा करते हुए उन्हें कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्ञानती त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश साहू, मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता और पार्षद हरीश साहू सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि श्याम कुमार गुप्ता जैसे वरिष्ठ नेताओं का सम्मान करना दरअसल उस निष्ठा का सम्मान है, जिससे भारतीय जनता पार्टी आज इस मुकाम पर पहुँची है। इस अवसर पर सभी ने गुप्ता को बधाई प्रेषित की।

### अवैध खनिज उत्खनन पर प्रशासन की कार्रवाई, जेसीबी मशीन जब्त



**डिंडौरी।** अशोक नांगले खनिज अधिकारी डिण्डौरी ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज मुखबिर की सूचना पर खनिज विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए ग्राम मुड़िया खुर्द, तहसील डिण्डौरी, थाना शाहपुर क्षेत्र में अवैध उत्खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन को जब्त किया गया। जब्त की गई जेसीबी मशीन बिना नंबर की है, जिसका इंजन नंबर 00165197 है। मौके पर मशीन चालक मानसिंह परस्ते निवासी मुड़िया खुर्द, तहसील डिण्डौरी पाया गया। वाहन स्वामी अज्ञात बताया गया है। उक्त मशीन को जप्त कर सुरक्षार्थ थाना शाहपुर में खड़ा कराया गया है। खनिज नियमों के प्रावधानों के अनुसार प्रकरण पंजीबद्ध कर आगामी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है तथा प्रकरण न्यायालय कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# मनरेगा में 20 कार्यों की सीमा से अटके नए काम, मजदूरों को नहीं मिल पा रहा रोजगार

## सामग्री भुगतान लंबित होने से पूर्ण कार्य भी दिख रहे चालू कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग

डिंडौरी।



जिले में मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों की प्रगति और भुगतान व्यवस्था को लेकर नया विवाद सामने आया है। 20 से अधिक निर्माण कार्य 'चालू' दर्शाए जाने के कारण ग्राम पंचायतों में नए कार्यों का मस्टर जारी नहीं हो पा रहा है, जिससे जॉब कार्डधारी मजदूरों को रोजगार मिलने में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस संबंध में राष्ट्रीय सरपंच संघ के प्रदेश संगठन मंत्री रायसिंह मरकाम ने कलेक्टर डिण्डौरी को प्रार्थना पत्र सौंपकर शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है।प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि जिले की सभी जनपद पंचायतों के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में मनरेगा से स्वीकृत 20 निर्माण कार्यों की सीमा पूरी होने के कारण नए कार्यों का मस्टर जारी नहीं किया जा रहा है। जबकि इनमें से कई निर्माण कार्य स्थल पर पूर्ण हो चुके हैं, लेकिन अप्रैल 2025 से अब तक सामग्री भुगतान लंबित होने के कारण वे पोर्टल पर चालू की श्रेणी में दिख रहे हैं।इस तकनीकी स्थिति के चलते नए निर्माण कार्यों को टी.एस. और ए.एस. स्वीकृति मिलने के बावजूद मस्टर जारी नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप जॉब कार्डधारी मजदूरों को समय पर रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा है और कई मजदूरों के 100 दिवस के रोजगार की पूर्ति भी शेष है। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक निर्भरता मनरेगा पर होने के कारण यह स्थिति मजदूर परिवारों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। रायसिंह मरकाम ने मांग की है कि जिन निर्माण कार्यों को स्थल पर पूर्ण करा लिया गया है और केवल सामग्री भुगतान शेष है, उन्हें 20 चालू कार्यों की गणना में शामिल न किया जाए। साथ ही नए निर्माण कार्यों के लिए मस्टर जारी करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं, ताकि मजदूरों को रोजगार मिल सके और विकास कार्यों की गति प्रभावित न हो। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र निर्णय लिया जाए, जिससे मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराने का उद्देश्य पूरा हो सके।

# चांडा में विशेष आधार–समग्र शिविर से बैगा परिवार लाभान्वित

**डिंडौरी।** आकांक्षी विकासखंड बजाग के सुदूर वनग्राम चांडा में प्रशासन ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि शासन की योजनाएं अब कागजों तक सीमित नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प के साथ क्रियान्वित की जा रही हैं। कलेक्टर के मार्गदर्शन और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री रामबाबू देवांगन के निर्देशन में यहां विशेष आधार एवं समग्र आईडी शिविर का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य फोकस बैगा जनजाति के परिवारों और उनके बच्चों को योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़ना रहा।दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस वनांचल क्षेत्र में शिविर का आयोजन अपने आप में प्रशासनिक प्रतिबद्धता का उदाहरण है। महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक और ई-गवर्नेंस की संयुक्त टीम ने समन्वित प्रयास करते हुए सेवाओं को गांव तक पहुंचाया। अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग कर अभियान की प्रगति पर नजर रखी, जिससे 'संपूर्णता अभियान' के विभिन्न संकेतकों में संतृप्ति की दिशा में ठोस परिणाम सामने आए। शिविर में 39 बैगा बच्चों के नवीन आधार पंजीकरण किए गए, जिससे उन्हें शिक्षा, पोषण आहार और अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिलेगी। 10 ग्रामीणों के आधार में मोबाइल नंबर अपडेट किए गए, जिससे उनकी डिजिटल पहचान सशक्त हुई और बैंकिंग व अन्य सेवाओं तक पहुंच आसान बनी। 3 नए समग्र आईडी बनाए गए



तथा 7 हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण किया गया। वन क्षेत्रों में अक्सर दस्तावेजी प्रक्रियाएं और पहचान संबंधी औपचारिकताएं योजनाओं के लाभ में बाधा बनती रही हैं। ऐसे में यह शिविर न केवल प्रशासनिक पहल है, बल्कि सामाजिक समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी माना जा रहा है।स्थानीय ग्रामीणों ने शिविर के आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे सुविधाजनक और लाभकारी बताया। प्रशासन का यह प्रयास दर्शाता है कि 'संपूर्णता अभियान' के तहत अब लक्ष्य केवल योजनाएं घोषित करना नहीं, बल्कि उनके वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करना है।

# महंत आनंद गिरि महाराज हुए ब्रह्मलीन

## मां नर्मदा कुटी मालपुर में ब्रह्मलीन संत को आज दी जाएगी समाधि

डिंडौरी



शहपुरा तहसील अंतर्गत मां नर्मदा तीर्थ क्षेत्र कन्हैया संगम मालपुर तट स्थित मां नर्मदा कुटी के प्रसिद्ध संत श्री श्री 1008 महंत पूज्य आनंदपुरी महाराज जिन्हें लोग बंगाली बाबा के नाम से भी जानते थे क्या बुधवार की सुबह देवलोक गमन हो गया। यह अत्यंत हृदय विदारक समाचार है। पूज्य महाराज जी का ब्रह्मलीन होना न केवल मालपुर क्षेत्र के लिए, बल्कि माँ नर्मदा के सभी भक्तों के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी तपस्या और सेवा भाव हमेशा हमें राह दिखाते रहेंगे। आज ब्रह्मलीन हुए माँ नर्मदा के अनन्य उपासक"कन्हैया संगम, मालपुर (माँ नर्मदा उत्तर तट) स्थित 'माँ नर्मदा कुटी के पूज्य महंत दादा आनंद गिरी महाराज (बंगाली बाबा) के आशीर्वाद और उनके अथक प्रयासों से ही कन्हैया संगम घाट आज एक सिद्ध और भव्य आस्था केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित है।कन्हैया संगम घाट को एक सुविधाजनक और सिद्ध क्षेत्र बनाने का उनका संकल्प हम सबके बीच उनकी स्मृति बनकर जीवित रहेगा। माँ रेवा से करबद्ध प्रार्थना है कि पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। आज प्रातः 10:00 से ब्रह्मलीन संत की समाधि एवं अंतिम क्रिया की प्रक्रिया प्रारंभ होगी सर्वप्रथम उन्हें मां नर्मदा तट अभिषेक हेतु ले जाया जाएगा इसके पश्चात सभी भक्तजनों की दर्शनार्थ मां नर्मदा कुटी आश्रम में रखा जाएगा इसके पश्चात अंतिम यात्रा का भ्रमण होगा इसके पश्चात ब्रह्मलीन संत को समाधि दी जाएगी

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि पर भाजपा ने किया नमन

**दीनदयाल जी के सिद्धांत हर पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक- चमरू सिंह नेताम**




**डिंडौरी।** भाजपा जिला कार्यालय डिण्डोरी में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्यतिथि के अवसर पर तेलीय चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष चमरु सिंह नेताम ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक प्रमुख राजनीतिक चिंतक, अर्थशास्त्री और भारतीय जनसंघ के प्रमुख नेताओं में से थे। वे अपने दार्शनिक सिद्धांत 'एकात्म मानव दर्शन' के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं। उनकी विचारधारा का मूल आधार यह था कि विकास केवल भौतिक प्रगति तक सीमित न रहकर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच संतुलन और सामंजस्य पर जोर दिया। उनके अनुसार, आर्थिक नीतियों का लक्ष्य केवल उत्पादन और उपभोग बढ़ाना नहीं, बल्कि मानव के समग्र विकास को सुनिश्चित करना होना चाहिए। वे 1968 में अपने असामयिक निधन तक भारतीय जनसंघ का नेतृत्व करते रहे। पूर्व जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने उन्हें अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता व महान राष्ट्रचिंतक बताया। बिलैया ने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास ही राष्ट्र के विकास का मापदंड है और यह विचार देने वाले दीनदयाल जी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे।
मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य ने भी उन्हें निस्वार्थ कर्मयोगी और महान विचारक बताते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि एकात्म मानव दर्शन के माध्यम से दिया गया अंत्योदय का मंत्र समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना आज भी विकसित भारत के निर्माण की बुनियाद है। राष्ट्र सेवा और समर्पण के उनके आदर्श सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे।उक्त कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला महामंत्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर, सुधीर तिवारी, पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती, जिला उपाध्यक्ष महेश धुमकेती, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र दुबे, राजेंद्र प्रसाद पाठक, वीरेंद्र बिहारी शुक्ला, रजनीश राय, बोधराम सरैया, चंद्रशेखर नायक, राहुल पांडे, अविनाश छाबड़ा, राजेंद्र परमार, नरेश चंदेल, भागीरथ उरैती, तरुण ठाकुर, यशवंत तोमर, कान्हा शर्मा, शांतनु पाठक, मोहन सिंह राठौर, सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

# विकासखंड मेहंदवानी में किशोरियों हेतु प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मेहंदवानी



**आकांक्षी विकासखंड मेहंदवानी में संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत विज्ञान में महिलाओं एवं बालिकाओं के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर एकलव्य विद्यालय मेहंदवानी में किशोरियों के लिए एक व्यापक एवं प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना था।**

कार्यक्रम के दौरान किशोरी स्वास्थ्य एवं किशोरी पोषण, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, एनीमिया की रोकथाम, शारीरिक द्रव्यमान सूचकांक (बीएमआई) का महत्व, अच्छा स्पर्श एवं बुरा स्पर्श की पहचान, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो अधिनियम) तथा बाल विवाह निषेध कानून जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने सरल एवं संवादात्मक शैली में छात्राओं को जागरूक किया, जिससे वे अपने अधिकारों को समझ सकें और किसी भी प्रकार की असुरक्षित स्थिति में उचित कदम उठा सकें। इसके साथ ही आपातकालीन सहायता हेतु बाल हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं 1018 की जानकारी प्रदान की गई तथा छात्राओं को बताया गया कि किसी भी समस्या या संकट की स्थिति में इन नंबरों पर तुरंत संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। सत्र के अंतर्गत किशोरियों का वजन एवं ऊंचाई मापकर उनके शारीरिक द्रव्यमान सूचकांक (बीएमआई) की गणना की गई। उन्हें संतुलित आहार, आयरन युक्त भोजन, स्वच्छता, नियमित व्यायाम एवं स्वास्थ्य जांच के महत्व से अवगत कराया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि स्वस्थ किशोरी ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है और वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़कर वे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं। इस अवसर पर संपूर्णता अभियान 2.0 के विभिन्न सूचकांकों की जानकारी साझा करते हुए छात्राओं को समुदाय स्तर पर जनजागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं ने शपथ ली कि वे अपने परिवार, मित्रों एवं समाज में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं बाल संरक्षण से जुड़े संदेशों का प्रसार करेंगी और सकारात्मक परिवर्तन की सहभागी बनेंगी। कार्यक्रम में एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य पंकज शर्मा, आकांक्षी विकासखंड फैलो सर्वेश गुप्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग से सोनल उइके, राष्ट्रीय किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम से शामली धुर्वे की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी वक्ताओं ने किशोरियों को आत्मविश्वास, पोषण जागरूकता एवं स्वच्छता को अपनाने का संदेश दिया।यह आयोजन किशोरियों में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। संपूर्णता अभियान 2.0 के माध्यम से विकासखंड मेहंदवानी में स्वास्थ्य, पोषण एवं सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों को यह कार्यक्रम नई ऊर्जा प्रदान करता है।

# मीसाबंदी जयनारायण साहू को मिला अटल कार्यकर्ता सम्मान



**शहपुरा** – भारतीय जनता पार्टी के पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश पटेरिया का मंगलवार को शहपुरा आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने मीसाबंदी जयनारायण साहू के निवास पर पहुँचकर उनसे भेंट की। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर मीसाबंदी जयनारायण साहू को उनके लोकतांत्रिक संघर्ष एवं राष्ट्रसेवा के योगदान के लिए अटल कार्यकर्ता सम्मान (रजत पत्र) से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी, नगर पंचायत शहपुरा के पार्षद हरीश साहू सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मान समारोह के दौरान मीसाबंदी जयनारायण साहू का परिवार भी मौजूद रहा।

# जनगणना 2027 की तैयारियाँ प्रारंभ, जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न



**डिंडौरी।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2027 में आयोजित की जाने वाली आगामी जनगणना के संबंध में जिला जनगणना समन्वय समिति (**DCCC**) की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकान गणना) तथा द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।बैठक में बताया गया कि जनगणना 2027 विश्व का सबसे बड़ा प्रशासनिक सर्वेक्षण है, जो पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपादित किया जाएगा। इसके अंतर्गत **HLO App**, **PE App**, **Self Enumeration Portal**, **CMMS Portal** तथा **HLBC** वेब एप्लीकेशन का उपयोग किया जाएगा।
प्रथम चरण का कार्य 01 मई से 30 मई 2026 तक संपादित किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) फरवरी 2027 में किया जाएगा। संदर्भ तिथि 01 मार्च 2027 (रात्रि 00:00 बजे) निर्धारित की गई है। जनगणना कार्य की समय-सीमा निर्धारित है, जिसमें किसी प्रकार का विस्तार संभव नहीं है।
जिला डिण्डोरी में जनगणना हेतु 03 तहसील, 02 नगरीय निकाय एवं 928 ग्राम सम्मिलित हैं। जनगणना कार्य के लिए जिला स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक अधिकारियों, मास्टर ट्रेनर, फील्ड ट्रेनर, प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण चरणबद्ध रूप से आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम मार्च एवं अप्रैल 2026 में आयोजित होंगे।
बैठक में बताया गया कि जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत संकलित सभी व्यक्तिगत जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी तथा इसे किसी भी प्रकार की न्यायिक या अन्य कार्यवाही में साक्ष्य के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकेगा।कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग समयबद्ध रूप से आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करें, प्रशिक्षण हेतु उपयुक्त स्थल एवं संसाधन उपलब्ध कराएँ तथा जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। साथ ही, आमजन से अपील की गई कि वे जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान करें एवं सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएँ। समन्वय समिति की बैठक में पदाभिहीत सदस्य अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, जिला योजना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (**DIO**), जिला शिक्षा अधिकारी (**DEO**), परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण (**DUDA**) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर जनगणना कार्य को सुचारू, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराने पर जोर दिया गया।

# उद्योगिनी संस्था की पहल: बजाग क्षेत्र की 150 महिलाओं को वर्मी बेड वितरित

**डिंडौरी।** जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में उद्योगिनी संस्था, बजाग द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। संस्था ने बजाग विकासखंड के 14 गांवों की 150 ग्रामीण महिलाओं को वर्मी बेड (वर्मी बिस्तर) वितरित किए।इस अवसर पर जानकारी दी गई कि चयनित महिलाओं को पूर्व में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), डिंडोरी के सहयोग से वर्मी कम्पोस्ट निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को जैविक खाद निर्माण की तकनीक से परिचित कराते हुए उन्हें व्यवहारिक रूप से सक्षम बनाना है, ताकि वे स्वयं गुणवत्तापूर्ण वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर सकें।



संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को जैविक कृषि से जोड़ना, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करना और उनकी आजीविका को सुदृढ़ बनाना है। वर्मी बेड के माध्यम से महिलाएं अपनी खेती में जैविक खाद का उपयोग कर सकेंगी, साथ ही अतिरिक्त उत्पादन को बेचकर आय में वृद्धि भी कर पाएंगी।उद्योगिनी संस्था का मानना है कि इस प्रकार के प्रयासों से ग्रामीण अंचलों में जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा, पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की नई दिशा प्राप्त होगी। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रभावी कदम बताया।

# उज्ज्वला योजना की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में एसडीएम सुश्री भारती मेरावी के अध्यक्षता में बुधवार को जनपद पंचायत डिंडौरी में उज्ज्वला योजना की प्रगति की समीक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद डिंडौरी में कार्यरत गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि, खाद्य विभाग के जेएसओ (कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी) तथा मोबिलाइजर उपस्थित रहे। बैठक में उज्ज्वला योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। शेष पात्र परिवारों की सूची, दस्तावेजों की पूर्ति, लंबित प्रकरणों के निराकरण तथा समय-सीमा में लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अनुविभागीय अधिकारी ने निर्देशित किया गया कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। साथ ही मोबिलाइजर को निर्देश दिए गए कि वे ग्रामीण स्तर पर जागरूकता बढ़ाते हुए पात्र परिवारों को योजना से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में योजना की प्रगति में तेजी लाने तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया गया। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी सुश्री भारती मेरावी एवं तहसीलदार डिण्डौरी द्वारा जिला चिकित्सालय डिण्डौरी का निरीक्षण किया गया।उपस्थित समस्त स्टाफ का उपस्थिति पंजी से अवलोकन किया गया। और महिला वार्ड, पुरूष वार्ड, शिशु वार्ड, आकस्मिक कक्ष, ओपीडी, दवा वितरण केन्द्र का निरीक्षण करते हुए स्टॉफ एवं डॉक्टर को समय पर डयूटी करने एवं आम जनता को समय पर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## नपा का उदसीन रैवया बढ़ा सकता है परेशानी

# नलों से आ रहा गंदा पानी



### क्या बीमारी फैलने के इंतजार में नपा

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान कराने के लिए पूरी तरह प्रयासरत है लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने का काम करने मे लगें रहते है। ऐसा ही मामला नगर पालिका नरसिंहपुर के इंद्रा वार्ड से सामने आया जहां पर नगर वासियों व पार्षद की शिकायत के बाद भी प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की नींद नही खुली और लोग गंदा पानी पीने के लिए मजबूर बने हुए है। जबकि इंदौर मे हुई गंदे पानी से मौत के बाद पूरे प्रदेश में हलचल है फिर नरसिंहपुर नगर पालिका की नींद नही खुल पा रही है। विगत दिवस हुई नगर पालिका की सामान्य बैठक मे पार्षद का गुस्सा फूटा और जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव रखा गया। अब देखना होगा कि प्रशासन द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है और वार्ड वासियों को कब तक साफ पानी मिल पाता है।

### मामला इस प्रकार

नगर पालिका की बैठक में इंद्रा वार्ड पार्षद आनंद चौरसिया द्वारा बताया गया कि बीते 6-7 माह से वार्ड के 12-15 घरों में नाली का काला गंदा पानी आ रहा है अगस्त 2025 से लगातार नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत कर रहे थे 1-2 माह तक पानी सप्लाई की पाईप लाईन को चेक करते रहे। नगर पालिका द्वारा जल प्रदाय व्यवस्था के अधिकारी प्रभारी प्रदीप नगाईच को सूचना दी गई। तो उनके द्वारा बताया गया कि फाल्ट नही मिल पा रहा है और हमारे अधिकारी उपयंत्री पुरषोत्तम वाडबुदे को समस्या से अवगत कराया गया है और 7 अक्टूबर 2025 को पुरषोत्तम बाडबुद्धे से फोन पर बात हुई और उक्त गंदे पानी की समस्या पर चर्चा कर जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन उनके द्वारा दिया गया। दो - तीन दिन प्रयास करने के बाद लाइन में फाल्ट नही मिल सका। नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा दिए गए आश्वसन के बाद भी कोई कार्रवाई नही की गई और घरों मे गंदा पानी की सप्लाई जारी है।

### समस्या का नही निकल सका हल

नगर पालिका अधिकारियों द्वारा जांच पड़ताल कर बताया कि फाल्ट मिल पाना संभव नही है। तब निर्णय लिया गया कि अमृत योजना -2 के तहत वाटर सप्लाई नई पाइप लाइन डाली जाए। जिसके लिए पार्षद से लेटर हेड में आवेदन मांगा गया। आवेदन देने के बाद कार्रवाई करते हुऐ पुरषोत्तम वाडबुदे के पास पहुँचा दिया लगभग 1 माह तक अमृत-2 का कार्य देख रहे उपयंत्री महेन्द्र परमार और पुरषोत्तम वाडबुदे के बीच लेटरहेड-लेटरहेड और लाईन कौन डालेगा का खेल चलता रहा



परन्तु कोई समस्या का हल नही निकाला गया। उक्त समस्या की जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नीलम चौहान को दी गई। नप अधिकारी द्वारा जल्द नई पाईप लाईन डालने के लिए निर्देशित किया। जैसे तैसे करके नपा प्रशासन द्वारा लाइन डाली गई लेकिन नलों से गंदा पानी का आना बंद नहीं हो सका और समस्या जस के तस बनी हुई है।

### बैठक मे रखा निंदा प्रस्ताव

उक्त घटना से परेशान पाषर्द बीते दिवस साधारण सभा की बैठक के दौरान कर्मचारी के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव की मांग रखी गई। लेकिन पूर्ण सहमति ना होने के कारण खारिज कर दिया गया। कुछ पार्षदों द्वारा निंदा प्रस्ताव को खारिज कर घोर निंदनीय कृत्य करने वाले अधिकारी का बचाव किया गया जो नगर के लिए बहुत चिंताजनक है। ऐसी जानलेवा गंभीर लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाना सुनिश्चित हो और जिम्मेदारी तय हो ताकि भविष्य में नगर की जनता की जान के साथ कोई अधिकारी कर्मचारी लापरवाही न बरते जिससे कोई अप्रिय घटना नगर में न हो परंतु नगर पालिका परिषद में बैठे जनप्रतिनिधियों द्वारा ऐसे घोर लपरवाह अधिकारियों का बचाव करना निंदनीय है। उक्त घटना से ऐसा प्रतीत होता है कि जिम्मेदार अधिकारी इन्दौर जैसी घटना का इंतजार किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### रासेयो शिविर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अमित ताम्रकार के मार्गदर्शन तथा छात्र इकाई दलनायक दिनेश अग्रवाल और सह दलनायक विवेक साहू के नेतृत्व में हुआ। शिविर के अंतर्गत आयोजित बौद्धिक सत्र में राष्ट्रीय एकता एवं मतदान जागरूकता विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रीता रावत, डॉ. दीपिका चक्रवर्ती एवं प्रियंका ताम्रकार उपस्थित रहीं। अतिथियों ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रनिर्माण, समाजसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर डॉ. रीता रावत ने स्वयंसेवकों को संविधान के बारे में जानकारी देते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

### बिना अनुमति के शासकीय सेवक नही छोड़ेंगे मुख्यालय

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विधानसभा सत्र के दौरान विधान सभा प्रश्नों के उत्तर समय- सीमा में प्रेषित किए जाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आदेश जारी कर निर्देशित किया है कि बिना कलेक्टर की अनुमति से जिले के सभी अधिकारी- कर्मचारी ना ही मुख्यालय छोड़ेंगे और ना ही अवकाश पर रहेंगे। कलेक्टर ने आदेश में कहा है कि सभी विभाग प्रमुख अवकाश दिवसों सहित अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ अपने कार्यालय में उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। इस आदेश को तत्काल प्रभाव से प्रभावशील किया गया है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा सत्र का नवम सत्र माह फरवरी- मार्च 2026 का आयोजन 16 फरवरी से 6 मार्च 2026 तक होना है। उक्त समयावधि में विधानसभा के प्रश्नों के उत्तर जिले के प्रत्येक कार्यालय से वांछित जानकारी सहित समय सीमा में प्रेषित किया जाना अनिवार्य है। इस पर कलेक्टर ने यह आदेश जारी किया है।

### ब्रजेश शर्मा को बीईओ का प्रभार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिव कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंहपुर बड़ा को विकास खंड शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर का प्रभार सौंपा गया है।

### राजस्व वसूली की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** बुधवार को नरसिंहपुर व्रत के अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव, संचा/संधा संभाग के कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले ने डांगीढाना वितरण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें डाँगीढाना वितरण केन्द्र के डुडवारा मुख्यालय में समाधान योजना अंतर्गत टॉप लेवल बकायादार 50 हजार रुपए के ऊपर बालों से संवाद स्थापित किया गया है और डाँगीढाना वितरण केन्द्र में राजस्व वसूली कार्य समीक्षा की। जिसमें समाधान योजना अंतर्गत बकायादार उपभोक्ताओं से कितने प्रतिशत उपभोक्ताओं से राशि जमा करवाई है। समीक्षा की ओर पंप बिल डी एल बिल एन डी एल एफ आई के बकायदार की सूची अनुसार समीक्षा की। समीक्षा बैठक में टीसी कनेक्शन सीएम हेल्पलाइन 1912 पेंपेंडेंसी क्यू आर पेंडेंसी ओर विगत वर्ष की अपेक्षा 60 प्रतिशत अधिक राजस्व लाने हेतु निर्देशित किया गया ओर तल समय सीमा अंतर्गत वितरण केन्द्र में जले ट्रांसफॉर्मर समय सीमा में बदलने ओर अटल ज्योति लाइन 24 घंटे कृषि सिंचाई हेतु 10 घंटे पंप फीडर निर्बाध सुचारू रूप से देने के लिए निर्देशित किया गया।



## 286 पेटी शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पुलिस द्वारा 288 पेटी शराब सहित दो आरोपियों को हिरासत मे लिया गया। पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की एक महाराष्ट्र पासिंग आयशार ट्रक से कुछ लोग भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक आयशर ट्रक नरसिंहपुर की ओर से आता हुआ दिखाई दिया जिसे चेकिंग के लिए पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया किंतु पुलिस टीम को देख ट्रक चालक द्वारा तेजी से ट्रक लेकर भागने का प्रयास किया पुलिस टीम द्वारा ट्रक को भागता देख उसका पीछा किया गया एवं बैहर तिराहे, बरमान के पास को रोकने में सफलता प्राप्त हुई। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में मिठाई पैक करने के डब्बे भरे हुए थे। किंतु पुलिस टीम को देख ट्रक चालक में घबराहट को देखते हुए पुलिस को संदेह हुआ कि उक्त वाहन से कोई अवैध वस्तु परिवहन की जा रही है। इस पर पुलिस टीम द्वारा और बारीकी से चेकिंग की एवं नुकीली रॉड को डिब्बों के अंदर डाला गया तो कुछ भारी चीज होने की अवाज आयी जिसे खाली करने पर लगभग 3 फीट डिब्बों के नीचे बनाए गए एक बंकर में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब भरी हुई मिली। ट्रक में अवैध शराब होने के संदेह पर ट्रक सहित वाहन चालकों को थाने लाया गया जिनसे पूछताछ पर उनके द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया आरोपियों द्वारा उक्त अवैध शराब को परिवहन नरसिंहपुर से सिलीगुडी ले जाना बताया एवं कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर अवैध शराब एवं वाहन को जब्त किया जाकर उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त प्रकरण में जपती उपरांत गहनता से जांच की जा रही है। उक्त कार्रवाई में आरोपी सतीश नंदड निवासी उदेशीपुर, थाना गनोर, जिला सोनीपत, हरियाणा एवं मनोज यादव निवासी जफारपुर, साउथ बेस्ट दिल्ली को गिरफ्तार किया गया। ट्रक से 286 पेटी अंग्रेजी शराब एवं एक आयसर ट्रक क्रमांक एमएच 04 के एफ 3613 जप्त किया गया जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रूपये बताई गई। आरोपियो के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

## भाजपा का आजीवन सहयोग निधि संचय अभियान प्रारंभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि जिले भर में मनाई गई। जिसमें भाजपा जनों द्वारा अपनी पुष्पांजलि व शब्दांजलि श्रद्धेय उपाध्याय को समर्पित की गई। इसी क्रम में जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में भी पुण्यतिथि के अवसर पर मूर्तियों पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए तत्पश्चात आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष महंतप्रीतमपुरी गोस्वामी, वरिष्ठ समाज सेवा सुनील कोठारी जी सहित भाजपा नेता उपस्थित रहे। दीनदयाल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आजीवन सहयोग निधि संचय अभियान की शुरूआत की गई। संगोष्ठी की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि संगोष्ठी के पश्चात उपस्थित जनों की आजीवन सहयोग निधि की रसीद काटकर अभियान का प्रारंभ किया गया। संगोष्ठी का संचालन मंडल महामंत्री मयंक जैन व आभार रचना वर्मा ने किया।

## बिना गुरु के परमात्मा की प्राप्ति नहीं है संभव- ब्रह्मचारी अचलानंद



**गोटेगांव।** समीपस्थ ग्राम श्रीनगर में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण का भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन कथा व्यास पंडित सुमेश तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण और सुदामा जी की मित्रता का भावपूर्ण वर्णन किया। सुदामा जी के दरिद्र जीवन और द्वारकाधीश कृष्ण द्वारा उनके चरण पखारने के प्रसंग को सुनकर उपस्थित श्रोता भावुक हो उठे। कथा में बताया गया कि कृष्ण-सुदामा का मिलन निष्काम भक्ति और सच्चे प्रेम का सर्वोच्च उदाहरण है। भगवान ने सुदामा की दो मुट्ठी तंदुल खाकर उन्हें लोक-परलोक की संपत्ति प्रदान कर दी। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा निकाली गई भव्य झांकी ने सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से परमहंसी गंगा आश्रम से पधारे ब्रह्मचारी अचलानंद महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि जिसके जीवन में गुरु नहीं, उसका जीवन शुरू नहीं। उन्होंने गुरु के महत्व को बताते हुए कहा कि बिना गुरु के परमात्मा की प्राप्ति संभव नहीं है, लेकिन गुरु का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया से आईं मंजुला राव ने भी शिरकत की और ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य जी के श्रीनगर से स्नेह को याद किया। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर सन्मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कथा के समापन पर कुशवाहा परिवार के मोहनलाल कुशवाहा ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस धार्मिक आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और व्यास पीठ का सम्मान कर प्रसाद वितरण में सहयोग दिया, जो सामाजिक समरसता की मिसाल बना।

## सीएम राइज स्कूल को मिलेगी आधुनिक सौगात, 60 साल पुरानी जर्जर इमारत जमींदोज



**गोटेगांव। गोटेगांव नगर स्थित सीएम राइज स्कूल एवं संदीपनी विद्यालय के बुनियादी ढांचे में बड़ा परिवर्तन किया जा रहा है। विद्यालय की लगभग 60 वर्ष पुरानी जर्जर इमारत, जिसकी नींव वर्ष 1965 में रखी गई थी, उसे सुरक्षा की दृष्टि से चरणबद्ध तरीके से हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में इस संस्थान को सीएम राइज स्कूल के रूप में चयनित किया गया था, जिसके बाद से यहां आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार की योजना पर कार्य चल रहा है।**

वर्तमान में विद्यालय परिसर में नवीन एवं भव्य भवन का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है, जिसका अधिकांश हिस्सा बनकर तैयार हो चुका है। पुरानी संरचना के मलबे को हटाने और नए निर्माण के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। नई इमारत के पूरी तरह तैयार हो जाने के बाद विद्यार्थियों को सुव्यवस्थित कक्षाएं और आधुनिक शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा। स्थानीय स्तर पर नई इमारत के संचालन की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही विद्यालय की समस्त गतिविधियां इस नए और सुसज्जित परिसर में स्थानांतरित कर दी जाएंगी, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध होंगे।

## भू-माफियाओं के हौसले बुलंद, अवैध कॉलोनियों और अतिक्रमण से जनता त्रस्त



### नागरिकों ने नगरीय प्रशासन से अवैध कॉलोनाइजरों पर नकेल कसने की मांग की

**गोटेगांव।** जिले की चारों तहसीलों में इन दिनों भू-माफियाओं और अवैध अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। शासन-प्रशासन की कथित शिथिलता के चलते ये माफिया बेखौफ होकर अवैध कॉलोनियां काट रहे हैं। विशेषकर गोटेगांव क्षेत्र में बिना किसी वैध अनुमति के धड़ल्ले से कॉलोनाइजर सक्रिय हैं, जिससे भविष्य में आम नागरिकों के ठगी का शिकार होने की प्रबल आशंका बनी हुई है। इन कॉलोनाइजरों पर प्रशासनिक अधिकारियों का कोई अंकुश नजर नहीं आ रहा है, जिसके कारण सरकारी जमीनों पर भी अवैध कब्जों का जाल फैलता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने कलेक्टर महोदया का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए मांग की है कि जिले में अवैध कॉलोनियों और अतिक्रमण के खिलाफ एक विशेष मुहिम चलाकर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। समय रहते यदि इन भू-माफियाओं पर लगाम नहीं कसी गई, तो शहर में चारों ओर इनका साम्राज्य स्थापित हो जाएगा, जिससे न केवल आम जनता से मनमानी राशि वसूली जाएगी बल्कि शासन को मिलने वाले राजस्व का भी भारी नुकसान होगा। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे जनहित में सख्त कदम उठाएं ताकि जनता को भू-माफियाओं के चंगुल से निजात मिल सके और शासन की आय में भी वृद्धि हो।

### नगरीय प्रशासन अधिकारी ध्यान आकर्षित कर उचित कार्यवाही करें

मानो इस समय संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव क्षेत्र में अवैध कॉलोनी की बाढ़ आ गई है जो की अवैध कॉलोनाइजरों द्वारा संपूर्ण क्षेत्र में नियम विरुद्ध फ्लर्टिंग कर कॉलोनी काटी जा रही है नगरीय प्रशासन संबंधित विभाग अधिकारियों को इस ओर ध्यान आकर्षित कर जो आवैधानिक तरीके से भू माफियाओं द्वारा कालोनियां काटी जा रही है उन पर जांच उपरांत दंडात्मक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें ताकि आम नागरिकों के साथ-साथ राजस्व का भी नुकसान ना हो।

## तेंदूखेड़ा को सिविल अस्पताल की जरूरत

### नये बजट में जगी आस

**तेंदूखेड़ा।** तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा में जनसंख्या के घनत्व को दृष्टिगत रखते हुए सिविल अस्पताल की महती आवश्यकता महसूस की जा रही है। विगत वर्ष यहां पर एक नये भवन को लेकर राशि आवंटित की गई थी और गृहनिर्माण द्वारा बनाए जाने के लिए जगह की नाप तौल भी की गई थी लेकिन बाद में अचानक यह निर्माण बजट का हवाला देकर आवंटित नहीं हो सकी थी। स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा यह स्पष्ट किया गया था कि इसे स्वयं विभाग ही बनवायेगी। चूंकि अब इस राशि को लेकर बजट में इंतजार है। चूंकि तेंदूखेड़ा तीन जिलों की सीमाओं पर स्थित होने के कारण यहां पर पड़ोसी जिलों के बड़ी संख्या में मरीजों का इलाज के लिए आना जाना हुआ करता है।जरुरी है कि यहां पर सिविल अस्पताल बनाये जाने की आवश्यकता है। सर्व सुविधायुक्त अस्पताल बनने से मरीजों को लाभ होगा। पूर्व में भी इस दिशा में समाचार पत्रों के साथ साथ विभागीय स्तर पर भी वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है।इस विषय को लेकर क्षेत्र के प्रतिष्ठित सजग वर्ग ने अपने अपने विचार रखे हैं।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार जरुरी



रोटी कपड़ा और मकान की आवश्यकता के बाद स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों जरुरी है इनमें स्वास्थ्य को पहले रखना होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन होना बेहद जरूरी है। आगामी बजट में एक बड़ी राशि के साथ तेंदूखेड़ा में सिविल अस्पताल सर्वसुविधायुक्त बनाए जाने प्रावधान किया जाए।

**सौरभ पाण्डेय सजग पत्रकार**
**तेंदूखेड़ा**

### जनसंख्या के घनत्व के अनुसार हों सुविधाएं



तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जनसंख्या के घनत्व के साथ सुविधाएं और विस्तार होना बहुत ही जरुरी है। केंद्र सरकार ने बजट में स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों को प्राथमिकता दी गई है।अब प्रदेश सरकार को चाहिए कि आने वाले बजट में तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन कर सिविल अस्पताल के लिए पर्याप्त राशि का प्रावधान किया जाए।

**मुकेश पुजारी**
**अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा**

### कोविड काल की त्रासदी देखी है



कोविड काल की विभीषिका को हमनें काफी करीब से देखा है और शासन ने भी उसके बाद से स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर विशेष ध्यान दिया है। तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय है और राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है यहां पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का विस्तार किया जाना चाहिए।

**डा प्रताप राय**
**तेंदूखेड़ा**